# आई लव मोहम्मद पर बवाल, पुलिस का फ्लैग मार्च

## धारा 163 लागू, ड्रोन से हो रही निगरानी, कई राज्यों में पोस्टर पॉलिटिक्स, धार्मिक तनाव

**बरेली/कानपुर, 26 सितंबर. देश में आई लव मुह मद और आई लव महादेव के पोस्टरों की जंग अब सड़कों से लेकर सियासत तक पहुंच चुकी है. बरेली में मौलाना तौकीर रज़ा के ज्ञापन आंदोलन की चेतावनी से हालात तनावपूर्ण हो गए हैं.**

वहीं कानपुर समेत कई शहरों में पुलिस अलर्ट पर है. बरेली में मौलाना तौकीर रजा का आई लव मुहम्मद मुद्दे को लेकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन देने की घोषणा प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है. उन्होंने शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद इस्लामिया मैदान में एकत्र होकर कलेक्ट्रेट तक मार्च का ऐलान किया है. प्रशासन ने इसे देखते हुए जिले में धारा 163 लागू कर दी है और पूरे शहर में हाई अलर्ट घोषित कर दिया है. डीएम अविनाश सिंह और एसएसपी अनुराग आर्य के नेतृत्व में गुरुवार शाम को फ्लैग मार्च किया गया.




### प्रदर्शन में नाबालिग बच्चे भी शामिल

खास बात यह है कि नाबालिग बच्चों के प्रदर्शन में शामिल होने पर उनके अभिभावकों पर भी कार्रवाई की जाएगी. शहर को सेक्टर और सब सेक्टरों में बांटकर सुरक्षा की व्यवस्था की गई है. कुल 3,218 पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है, जिसमें पीएसी की 5 कंपनियां, 500 दरोगा और 2,500 सिपाही शामिल हैं. साथ ही 8 ड्रोन टीम, 15 क्विक रिस्पांस टीमें भी लगातार निगरानी में लगी हैं. मौलाना तौकीर रजा ने आरोप लगाया है कि आई लव मुहम्मद कहने पर कार्रवाई हो रही है, जबकि यह धार्मिक भावना की अभिव्यक्ति है, कोई अपराध नहीं.

> रजा ने कहा कि कानून व्यवस्था के नाम पर मुस्लिम समुदाय की आवाज को दबाया जा रहा है. उधर कानपुर में भी रेड अलर्ट घोषित कर दिया गया है. यहां जुमे की नमाज के साथ-साथ रामलीला कार्यक्रमों को देखते हुए पुलिस ने संवेदनशील इलाकों में भारी बल तैनात किया है और फ्लैग मार्च निकाला है. आई लव मुहम्मद और इसके जवाब में आई लव महादेव जैसे पोस्टरों ने देश में नया धार्मिक और सामाजिक विवाद खड़ा कर दिया है.

# भाजपा का दूसरा नाम पेपर चोर पार्टी : राहुल

**नई दिल्ली, 26 सितम्बर. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने उत्तराखंड में पेपर लीक की ताजा घटना को लेकर भाजपा सरकार पर कड़ा प्रहार किया.**

उन्होंने कहा कि बार-बार पेपरलीक होने की घटनाओं से युवाओं का सपना तबाह करने वाली भाजपा सरकार पेपर चोर सरकार बन गयी है. गांधी ने कहा कि अब तक भाजपा वोट चोरी करवाकर सत्ता में आने के षड्यंत्र में लिप्त रही है लेकिन अब इससे भी आगे निकल कर देश के युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है. उन्होंने उत्तराखंड में यूकेएसएसएससी के हाल में हुए पेपर लीक का हवाला दिया और कहा कि पेपर चोर हो चुकी भाजपा युवाओं की मेहनत पर पानी फेर रही है. उन्होंने भाजपा को पेपर चोर नाम देते हुए कहा, आज भाजपा का दूसरा नाम है-पेपर चोर. देशभर में बार-बार होने वाले पेपर लीक ने करोड़ों मेहनती युवाओं की जिंदगी और सपनों को तबाह कर दिया है. उत्तराखंड का यूकेएसएसएससी पेपर लीक इसका ताज़ा उदाहरण है. लाखों युवाओं ने दिन-रात मेहनत की लेकिन भाजपा ने चोरी से उनकी पूरी मेहनत पर पानी फेर दिया. कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी लगातार मांग कर रही है कि पेपर लीक रोकने के लिए मज़बूत और पारदर्शी सिस्टम बनाया जाए लेकिन मोदी सरकार इस पर आंखें मूंदकर बैठी है.



> उनका कहना था कि बेरोज़गारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है और यह सीधे तौर पर वोट चोरी से जुड़ी है. पेपर चोरों को पता है - अगर युवाओं को रोज़गार नहीं भी मिलेगा, तो भी वे चुनाव में वोट चोरी करके सत्ता में बने रहेंगे. गांधी ने कहा, युवा सड़कों पर हैं और नारा दे रहे हैं -पेपर चोर, गद्दी छोड़. यह सिर्फ़ युवाओं की नौकरी की लड़ाई नहीं है, यह न्याय और लोकतंत्र की लड़ाई है. मैं हर छात्र और युवा के साथ इस न्याय की लड़ाई में मजबूती से खड़ा हूं. पेपर चोर गद्दी छोड़.

# केजरीवाल ने भाजपा पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, 26 सितंबर.** लेह स्थित प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की संस्था का FCRA लाइसेंस रद्द होने के बाद इस मुद्दे ने तूल पकड़ लिया है. अब इस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल खुलकर सोनम वांगचुक के समर्थन में सामने आए हैं. उन्होंने केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों को कुचलने का आरोप लगाया है.

केजरीवाल ने कहा, यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो व्यक्ति शिक्षा सुधार, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रहा है, उसे अब सत्ता की सस्ती राजनीति का शिकार बनाया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सत्ता के नशे में चूर है और देश के हर कोने में उठ रही जनता की आवाज को दबा रही है. अरविंद केजरीवाल ने लद्दाख के लोगों के आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि वहां की जनता किसी विशेषाधिकार की नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक अधिकारों-जैसे वोट देने और अपनी चुनी हुई सरकार बनाने — की मांग कर रही है. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने बार-बार लद्दाख के लोगों से वादे किए, लेकिन उन वादों को कभी पूरा नहीं किया गया.

> केजरीवाल ने कहा, हमने देश को अंग्रेजों से आज़ाद इसलिए नहीं कराया था कि अब जनता अंग्रेजों की जगह भाजपा की गुलाम बन जाए. भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद जैसे क्रांतिकारियों ने जिस लोकतंत्र के लिए जान दी, आज वही लोकतंत्र खतरे में है. उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आज लद्दाख की आवाज को अनसुना किया गया, तो यह कल पूरे देश की आवाज बन जाएगी. उन्होंने इसे न सिर्फ लद्दाख की, बल्कि पूरे भारत की लोकतांत्रिक आत्मा की लड़ाई बताया. केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार जिस तरह से राज्यों को केंद्र शासित प्रदेश में तब्दील कर रही है और स्थानीय शासन को समाप्त कर रही है, वह संविधान की मूल भावना के खिलाफ है.





### सीएम फडणवीस की पीएम से मुलाकात

**नईदिल्ली, 26 सितंबर.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में भेंट कर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की. एनडीआरएफ सहायता, नए रक्षा कॉरिडोर, ग्रीन स्टील उत्पादन व व्यापार करने में आसानी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. प्रधानमंत्री ने महाराष्ट्र के किसानों व विकास कार्यों के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया.

# बंगाल में नई सरकार के लिए मांगा आशीर्वाद

**कोलकाता, 26 सितंबर. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को यहां संतोष मित्रा स्क्वायर में दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन किया.**

देशवासियों विशेषकर पश्चिम बंगाल के निवासियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उन्होंने मां दुर्गा से सोनार बंगला के लिए कामना की है. शाह ने कहा कि उन्होंने मां दुर्गा की पूजा की और 2026 के विधानसभा चुनावों के बाद बंगाल में एक नई सरकार के लिए उनका आशीर्वाद मांगा, जो राज्य के खोये हुए सोनार बंगला (स्वर्णिम बंगाल) के गौरव को बहाल करेगी. उन्होंने कहा, मैंने मां दुर्गा से प्रार्थना की है कि इस विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश में एक ऐसी सरकार हो जो राज्य को सोनार बंगला बना सके. नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के दृष्टिकोण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि बंगाल एक बार फिर सुरक्षित, समृद्ध, शांतिपूर्ण और उपजाऊ बने. बंगाली दुर्गा पूजा की वैश्विक मान्यता पर प्रकाश डालते हुए शाह ने कहा, यह त्योहार न केवल पश्चिम बंगाल या भारत में मनाया जाता है. बल्कि दुनिया भर में भी प्रसिद्ध है. नौ दिनों तक बंगाल के नागरिक इस दिव्य ऊर्जा की पूजा में खुद को समर्पित करते हैं.



### पटना में शाह ने उम्मीदवारों के चयन को लेकर की चर्चा

**पटना.** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भाजपा दफ्तर में पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में बिहार चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल सहित कई नेता मौजूद हैं. जानकारी के मुताबिक, इस बैठक में संगठन की मजबूती, प्रत्याशियों का चयन और चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा हुई. यह बैठक बेतिया के गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुई.

## एक नजर में

### स्वामी के 8 करोड़ रुपये फ्रीज

**नईदिल्ली, 26 सितंबर.** दिल्ली पुलिस ने स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनके लगभग 8 करोड़ रुपये को फ्रीज कर दिया है. यह रकम 18 अलग-अलग खातों और 28 एफडी में जमा थी और यह सभी पैसे आरोपी पार्थसारथी द्वारा बनाए गए ट्रस्ट से जुड़े पाए गए हैं. वहीं अदालत ने स्वामी चैतन्यानंद की अग्रिम जमानत अर्जी भी खारिज कर दी है. उनके खिलाफ श्री शारदा पीठम, श्रृंगेरी की संपत्ति में धोखाधड़ी, जालसाजी और करोड़ों रुपये के गबन के गंभीर आरोप हैं. मामला एफआईआर नंबर 320/2025 के तहत वसंत कुंज (उत्तर) पुलिस थाने में दर्ज हुआ है. शिकायतकर्ता पीए मुरली के अनुसार, स्वामी ने शारदा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडियन मैनेजमेंट-रिसर्च के प्रबंधन का जिम्मा संभाला और बिना पीठम की जानकारी के वसंत कुंज स्थित प्लॉट नंबर 7 को फर्जी ट्रस्ट के नाम कर तीसरे पक्षों को उप-लीज पर देकर करोड़ों रुपये कमाए. आरोप है कि लगभग 40 करोड़ रुपये का दुरुपयोग हुआ. जांच में यह भी सामने आया कि स्वामी ने ,द्बष्टअश्व की अनुमति के बिना संस्थान का नाम बदल दिया और सरकारी अभिलेखों में हेराफेरी कर जाली दस्तावेज बनाए. आयकर छूट पाने के लिए भी फर्जी दस्तावेज पेश किए गए. सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह है कि आरोपी ने दो अलग-अलग नामों से पासपोर्ट और पैन कार्ड बनवाए. एक पासपोर्ट परथसारथी के नाम से और दूसरा स्वामी चैतन्यानंद सरस्वती के नाम से है, दोनों में पिता और जन्म स्थान के विवरण अलग हैं. उन्होंने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में दो अलग नामों से खाते बनाए और एफआईआर के बाद यस बैंक से 50-55 लाख रुपये निकाले. आरोपी के वकीलों ने कहा कि मामला सिविल विवाद का है और आपराधिक रंग देना गलत है. उन्होंने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि स्वामी भागने वाले नहीं हैं और जांच में सहयोग करेंगे.



### बुजुर्ग को डिजिटल अरेस्ट में रख ठगे 1.18 करोड़

**लखनऊ 26 सितम्बर.** राजधानी लखनऊ के इंदिरा नगर थाना क्षेत्र में रहने वाले हीरक भट्टाचार्य (79) को साइबर ठगों ने पुलिस और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) अधिकारी बनकर एक करोड़ 18 लाख 55 हजार रुपए की चपत लगा दी. पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि ठगों ने खुद को दिल्ली पुलिस का अधिकारी विजय खन्ना और ईडी अधिकारी राहुल गुप्ता बताकर पीड़ित को वीडियो कॉल पर पांच दिन तक डिजिटल गिरफ्त में रखा और हर निर्देश का पालन करने के लिए दबाव बनाया. ठगों ने भट्टाचार्य को विश्वास दिलाया कि उनके नाम पर केनरा बैंक में फर्जी खाता खुला है, जिसमें ठगी की रकम आती है. इसके बहाने उनसे विभिन्न खातों में पहले 44 लाख रुपए और बाद में 74 लाख 55 हजार रुपए ट्रांसफर करवा लिए .पैसे लौटाने की मांग करने पर ठग टालमटोल करते रहे. आखिरकार जब रकम वापस नहीं हुई तो पीड़ित ने साइबर क्राइम थाने में शिकायत दर्ज कराई.

# इजरायल को कब्जा करने की अनुमति नहीं

**▸ प्रधानमंत्री नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र महासभा में पहुंचने के बाद ट्रंप ने कहा**

**वाशिंगटन, 26 सितंबर. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वह इजरायल को पश्चिमी तट इलाके पर कब्जा करने की अनुमति नहीं देंगे.**

ट्रम्प की यह टिप्पणी इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के संयुक्त राष्ट्र महासभा में भाग लेने न्यूयॉर्क पहुंचने के बाद आई है. उनका राष्ट्रपति ट्रम्प से मुलाकात का कार्यक्रम है. सीएनएन ने यह जानकारी दी है. ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, मैं इजरायल को पश्चिमी तट पर कब्ज़ा करने की अनुमति नहीं दूंगा. नहीं, मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा. ऐसा नहीं होने वाला है. उन्होंने स्वीकार किया कि उन्होंने इस विषय पर दिन में पहले नेतन्याहू से बात की थी. उन्होंने आगे कहा, बहुत हो गया. अब इसे रोकने का समय आ गया है. उनकी यह टिप्पणी कई पश्चिमी और अरब देशों के साथ उनके गठबंधन का संकेत देती है, जिन्होंने चेतावनी दी है कि इस क्षेत्र पर इजरायल का कोई भी कब्ज़ा फिलिस्तीनी राज्य के विचार को प्रभावी रूप से खत्म कर देगा.



> अमेरिकी राष्ट्रपति की यह घोषणा उनके प्रशासन द्वारा अरब नेताओं के समक्ष गाज़ा में युद्ध समाप्त करने के लिए एक 21-सूत्रीय योजना प्रस्तावित करने के बाद आई है. एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी और मामले से परिचित क्षेत्रीय सूत्रों के अनुसार, इस योजना के कारण नेताओं के बीच इस बात पर विचारों का आदान-प्रदान हुआ कि एक अंतिम प्रस्ताव पर कैसे सहमति बनाई जाए जो संभावित रूप से संघर्ष को समाप्त कर सके.

## आज का इतिहास

1290 - चीन के चिली की खाड़ी में भूकंप से करीब एक लाख लोगों की मौत हुई।

1760 - मीर कासिम बंगाल के नवाब बने।

1821 - मैक्सिको को स्वतंत्रता मिली।

1833 - समाज सुधारक राजा राममोहन राय का निधन।

1825 - इंग्लैंड में स्टॉकटन-डार्लिंगटन लाइन की शुरुआत के साथ दुनिया का पहला सार्वजनिक रेल परिवहन शुरू हुआ।

1932 - भारतीय निर्देशक यश चोपड़ा का जन्म।

# नीतीश ने दरभंगा में विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया

**दरभंगा, 26 सितम्बर. बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को दरभंगा जिले में 3976 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया.**

मुख्यमंत्री कुमार और उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज एक दिवसीय दौरे पर दरभंगा शहर के कबराघाट स्थित मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान पहुंचे जहां कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इस दौरान मुख्यमंत्री कुमार ने कुल 3976 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उदघाटन किया है. कुमार ने इसके बाद मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान परिसर का निरिक्षण किया एवं वहां के पुस्तकालय में रखी बहुमूल्य पाण्डुलिपियों का निरीक्षण किया. मुख्यमंत्री ने दरभंगा में 3463 करोड़ 20 लाख की लागत से 94 विकास योजनाओं एवं 465 करोड़ 89 लाख की लागत से सिंचाई, भवन एवं विकास संबंधी अन्य 51 योजनाओं का शिलान्यास किया है.



# सुल्लतानगंज-कटोरिया रेल लाइन का काम होगा शुरू, शिव भक्तों को सौगात

**नईदिल्ली, 26 सितंबर.** भारतीय रेल ने बिहार के सुल्तानगंज कटोरिया रेल लाइन का काम चालू करने का फैसला लिया है. इससे भागलपुर और देवघर सहित पूरे देश के शिव भक्तों को रेलगाड़ी के माध्यम से सफर करने में आसानी होगी. इस परियोजना की कुल लंबाई 74.8 किलोमीटर है और यह असरगंज, तारापुर और बेलहर के रास्ते में पड़ती है. इस प्रस्तावित रेल खंड में सुल्तानगंज और कटोरिया के साथ-साथ असरगंज, तारापुर, बेलहर, श्रीनगर और सूयाबथान में ठहराव दिया गया है. कटोरिया एक जंक्शन स्टेशन बनेगा, अभी कटोरिया स्टेशन बांका-जसीडीह रेल लाइन पर पड़ता है. परियोजना के पूरा हो जाने पर प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालुओं के जल लेकर देवघर तक जाने में आसानी होगी. पूरी परियोजना पर नवीनतम अनुमानों के मुताबिक लगभग 1261 करोड़ रुपये की लागत आएगी. अभी सुल्तानगंज से देवघर की दूरी वाया भागलपुर,बांका,कटोरिया लगभग 131 किलोमीटर है जो नई लाइन के बन जाने के बाद घटकर लगभग 101 किलोमीटर हो जाएगी.



# भारत को विज्ञान, प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ना होगा

**नागपुर, 26 सितंबर. वेल्लोर-वीआईटी के संस्थापक एवं कुलाधिपति डॉ. जी. विश्वनाथन ने कहा कि भारत को विज्ञान, प्रौद्योगिकी में आगे बढ़ना होगा. वेल्लोर में शुरू हुए तीन दिवसीय तकनीकी प्रबंधन उत्सव, ग्रेविटास 2025 के उद्घाटन अवसर पर वे बोल रहे थे.**

अन्ना सभागार में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, कुलाधिपति विश्वनाथन ने कहा, 1984 में मात्र 180 छात्रों के साथ अपनी स्थापना के बाद से, वीआईटी ने वेल्लोर, भोपाल, चेन्नई और आंध्र प्रदेश के चार परिसरों में 1,00,000 छात्रों को शिक्षित किया है. कुछ लोगों ने पूछा है कि हम इतनी बड़ी संख्या में छात्रों को प्रवेश क्यों देते हैं, तो मैं भारत की 146 करोड़ की आबादी की ओर इशारा करता हूँ. घनी आबादी वाले देश में, हमारा लक्ष्य अधिक से अधिक इच्छुक छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है. सार्वजनिक संस्थान अक्सर बुनियादी ढांचे, प्रयोगशालाओं व संकाय नियुक्तियों की ऊँची लागत के कारण प्रवेश सीमित कर देते हैं. कई राज्य सरकार के विश्वविद्यालय केवल 1,000 से 2,000 छात्रों को ही दाखिला देते हैं, यह स्थिति बदलनी ही होगी. शिक्षा सभी के लिए सुलभ होनी चाहिए.




**विदाई** | रक्षा मंत्री समेत सेना प्रमुख रहे मौजूद, तेजस लेगा जगह

# मिग-21 की आखिरी उड़ान, 62 साल की सेवा खत्म

**चंडीगढ़, 26 सितंबर. देश की वायु सीमाओं की दशकों तक रक्षा करने वाला मिग-21 अब इतिहास का हिस्सा बन गया है.**

62 वर्षों की शानदार सेवा के बाद इस लड़ाकू विमान ने शुक्रवार को चंडीगढ़ एयरबेस से अपनी अंतिम उड़ान भरी. एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने स्वयं इसे उड़ाकर विदाई दी, और इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सेना प्रमुख. भारतीय वायुसेना के सबसे लंबे समय तक सेवा देने वाले लड़ाकू विमान मिग-21 को शुक्रवार को औपचारिक विदाई दे दी गई. चंडीगढ़ एयरबेस पर हुए भावुक समारोह में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने खुद मिग-21 की अंतिम उड़ान भरी और सुरक्षित लैंडिंग कर इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया. मिग-21 को भारतीय वायुसेना में 1963 में शामिल किया गया था और इसने 1965, 1971, कारगिल युद्ध सहित कई अभियानों में वीरता से हिस्सा लिया. इसे टाइप-77 के नाम से भी जाना जाता है और यह सोवियत संघ से भारत को मिला था. समारोह में तीनों सेनाओं के प्रमुख, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पूर्व वायुसेना अधिकारी और पायलट मौजूद थे. सूर्य किरण एरोबेटिक टीम ने इस ऐतिहासिक दिन को और भव्य बना दिया. मंच पर जब मिग-21 को अंतिम बार उड़ान भरते देखा गया, तो कई रिटायर्ड पायलटों की आंखें नम हो गईं. एयर चीफ ने कहा, मिग-21 केवल एक विमान नहीं, बल्कि वायुसेना की आत्मा है. यह हमारी वीरता, अनुशासन और समर्पण का प्रतीक रहा है.



> रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वायु सेना के लड़ाकू बेड़े से विदा किये गये मिग -21 लड़ाकू विमान को शौर्य और पराक्रम का प्रतीक बताते हुए कहा है कि इस विमान ने छह दशक तक भारत की सुरक्षा सुनिश्चित की और सैन्य विमानन की यात्रा में इसका इतिहास स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा. वायु सेना में 62 वर्षों तक सेवा देने वाले मिग-21 विमान को विदाई देने एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया. आजादी से लेकर अब तक के देश के वीरता के इतिहास में मिग -21 का बहुत बड़ा योगदान है.

# सीसीटीवी पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती राजस्थान सरकार से जवाब-तलब

**▸ पुलिस थानों के सीसीटीवी पर कोर्ट ने उठाए सवाल, 12 बिंदुओं पर मांगा जवाब**

**नई दिल्ली, 26 सितंबर. सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों पर स्वत: संज्ञान लेते हुए राजस्थान सरकार को कड़े निर्देश दिए हैं.**

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की खंडपीठ ने सरकार से राज्य के सभी पुलिस थानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की संख्या, उनकी लोकेशन और नियमित जांच (ऑडिट) की जानकारी मांगी है. कोर्ट ने सवाल किया कि क्या इन कैमरों का नियमित ऑडिट होता है और यदि हुआ है तो उसकी पूरी रिपोर्ट कोर्ट को दी जाए. सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार को 12 सवालों के जवाब दो हफ्ते में देने का आदेश दिया. अगली सुनवाई 14 अक्टूबर को होगी. यह मामला एक मीडिया रिपोर्ट के बाद सामने आया था. रिपोर्ट में दावा किया गया था कि साल 2025 के पहले आठ महीनों में राजस्थान पुलिस हिरासत में 11 लोगों की मौत हुई.



# अविजीत सरकार हत्याकांड में के आरोपी को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 26 सितंबर.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को अविजीत सरकार हत्याकांड से जुड़े एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. यह मामला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2021 के बाद हुई हिंसा से संबंधित है. सीबीआई ने बताया कि यह मामला 25 अगस्त 2021 को दर्ज किया गया था और मामले की विस्तृत जांच के बाद 30 सितंबर 2021 को 20 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया गया था. इसके बाद 30 जून 2025 को 18 और आरोपियों के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया गया. गुप्त सूचना के आधार पर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया.